# प्रतिदर्श प्रश्न पत्र 2026-27

## विषय - हिन्दी 'बी' (034)

## कक्षा- X

**समय - 3 घंटे** **पूर्णांक- 80**

**सामान्य निर्देश :**

**निम्नलिखित निर्देशों को ध्यान से पढ़ें एवं पूर्णरूप से उनका अनुपालन करें ।**

(i) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में 10 मुदित पृष्ठ हैं।

(ii) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में 16 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(iii) इस प्रश्न-पत्र में चार खंड हैं खंड 'क', खंड 'ख', खंड 'ग' और खंड 'घ'।

(iv) खंड - क में अपठित गद्यांश पर आधारित प्रश्न पूछे गए हैं। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए सभी प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

(v) खंड - ख में व्यावहारिक व्याकरण पर आधारित प्रश्न पूछे गए हैं। निर्देशानुसार आंतरिक विकल्पों का ध्यान रखते हुए सभी प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

(vi) खंड - ग में पाठ्यपुस्तक आधारित प्रश्न पूछे गए हैं। निर्देशानुसार सभी प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

(vii) खंड - घ में रचनात्मक लेखन पर आधारित प्रश्न पूछे गए हैं। निर्देशानुसार आंतरिक विकल्पों का ध्यान रखते हुए सभी प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

(viii) यथासंभव सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार लिखिए।

**खंड-क ( अपठित बोध )**

**प्रश्न-1. निम्नलिखित गदयांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 7 अंक**

मोटापा भारत समेत दुनिया के विभिन्न देशों में बढ़ती हुई एक स्वास्थ्य समस्या का विषय है। यह सभी आयु, वर्ग और पृष्ठभूमि के व्यक्तियों को प्रभावित करता है। इसे शरीर में अतिरिक्त चर्बी के रूप में परिभाषित किया जाता है और आमतौर पर इसे 'बॉडी मास इंडेक्स' द्वारा मापा जाता है। मोटापा और अधिक वजन की समस्या समय के साथ बढ़ती जाती है। इसका खतरा सिर्फ इसी बात से तय नहीं होता कि कितना खाया जा रहा है, बल्कि किस तरह के खाद्य या पेय पदार्थों का सेवन किया जा रहा है, कितनी और किस तरह की शारीरिक गतिविधियाँ की जा रही हैं, रात में कितनी अच्छी नींद ली जा रही है, इन सबसे भी यह निर्धारित होता है।

आमतौर पर खान-पान की आदतों में बदलाव करके, अपनी शारीरिक गतिविधियों को बढ़ाकर और सुस्त जीवन-शैली से दूरी बनाकर हम मोटापे को काफी हद तक रोक सकते हैं। डिब्बाबंद या पैकेट बंद खाद्य पदार्थों का सेवन बंद करके, पोषक तत्वों की जानकारी देखकर, पैकेट बंद खादय पदार्थों की खरीददारी करके, खादय पदार्थों के विज्ञापनों के प्रलोभनों से बचकर इस समस्या से बचाव की शुरुआत की जा सकती है। नौजवानों और वयस्कों को पार्कों और उन स्थानों पर समय बिताना चाहिए, जहाँ उनकी शारीरिक गतिविधियाँ हो सके या उनमें चलने की आदत विकसित हो सके। छोटे-छोटे कदम बढ़ाकर ही इस समस्या को हराया जा सकता है।

(i) मोटापा को कैसे मापा जाता है? 1

(A) वजन नाप कर  (B) चर्बी की जांच कर

(C) खाने के अनुमान से  (D) बॉडी मास इंडेक्स से

(i) मोटापे को रोकना क्यों आवश्यक है? 1

(A) शारीरिक गतिविधियों के लिए  (B) अच्छी नींद के लिए

(C) स्वस्थ रहने के लिए  (D) आदतों में बदलाव के लिए

(iii) निम्नलिखित कथन और कारण को पढ़कर उचित विकल्प का चयन कीजिए - 1

कथन- मोटापा एक वैश्विक समस्या है ।

कारण- छोटे-छोटे कदमों से ही इसे हराया जा सकता है।

(A) कथन सही है और कारण गलत है ।
(B) कथन गलत है और कारण सही है ।
(C) कथन और कारण दोनों गलत है ।
(D) कथन और कारण दोनों सही है ।

(IV) मोटापे से आप क्या समझते हैं? 2

(v) मोटापे को एक गंभीर स्वास्थ्य समस्या मानने के कारणों को स्पष्ट कीजिए? 2

**प्रश्न-2. निम्नलिखित गदयांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 7 अंक**

'विज्ञान वरदान है या अभिशाप' विषय पर तो सदियों से विमर्श होता रहा है और पिछले कुछ वर्षों से स्मार्टफोन के फायदे या नुकसान पर भी वाद-विवाद चल रहा है। इस विषय पर अभी किसी अंतिम निष्कर्ष पर नहीं पहुँचा जा सकता क्योंकि इसके भी दो पहलू हैं। एक तरफ स्मार्टफोन के कारण लोगों की जिंदगी में आए सकारात्मक बदलाव से इनकार नहीं किया जा सकता लेकिन इसके नकारात्मक प्रभाव का प्रत्यक्ष अनुभव भी किया जा सकता है। यकीनन हमारी जिंदगी में स्मार्टफोन से हर बदलाव सकारात्मक नहीं हुआ। पिछले कुछ वर्षों में जिस तरह से सोशल मीडिया ने आम लोगों को गिरफ्त में लिया, वह चिंता की बात है।

शुरुआत में सोशल मीडिया के ऐप लोगों को एक-दूसरे से जोड़ने और सूचनाओं के आदान-प्रदान के बेहतरीन माध्यम के रूप में उभरे और कम समय में दुनिया भर में छा गए। लेकिन यह बात भी सामने आई कि लाखों लोगों को सोशल मीडिया की आभासी दुनिया में रहने की इस कदर लत लगी कि वे न सिर्फ अपने सामान्य सामाजिक जीवन से कटने लगे, बल्कि रोज घंटों इस माध्यम पर समय बिताने के कारण अवसाद का शिकार भी होने लगे। एक शोध के अनुसार आज दुनिया भर में अरबों लोग हर दिन सोशल मीडिया का प्रयोग कर रहे हैं। आने वाले समय में यह संख्या और भी बढ़ने का अनुमान है।

(i) सूचनाओं के आदान-प्रदान का बेहतर माध्यम किसे माना जाता है? 1

(A) स्मार्टफोन को (B) पत्र को

(B) सोशल मीडिया को (C) ब्लॉग को

(ii) गदयांश में किस विषय पर प्रमुखता से बातचीत की गई है? 1

(A) सोशल मीडिया पर (B) स्मार्टफोन के प्रभाव पर

(B) सूचनाओं के आदान प्रदान पर (D)सामान्य सामाजिक जीवन पर

(iii) निम्नलिखित कथन और कारण को पढ़कर उचित विकल्प का चयन कीजिए- 1

कथन- लोग सामान्य सामाजिक जीवन से कटने लगे हैं ।

कारण- लोगों को सोशल मीडिया पर रहने की लत लग गई ।

(A) कथन और कारण सही है।

(B) कथन और कारण गलत है।

(C) कथन सही है और कारण गलत है।

(D) कथन गलत है और कारण सही है।

(iv) सोशल मीडिया से सामाजिक जीवन किस प्रकार से प्रभावित हो रहा है? 2

(v) स्मार्टफोन वरदान है या अभिशाप है? 2

## खंड - ख ( व्यावहारिक व्याकरण )

**3, 'पदबंध' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए- 4x1=4**

(i) 'तताँरा एक नेक और मदददगार व्यक्ति था' - वाक्य से विशेषण पदबंध को छाँट कर लिखिए ।

(ii) 'शायद पुलिस को उन्होंने आते हुए <u>देख लिया था</u>। - रेखांकित का पदबंध भेद लिखिए।

(iii) एक वृद्ध साधु ने <u>डरते हुए धीरे से</u> फाटक खोल दिया था।- रेखांकित का पदबंध भेद लिखिए।

(iv) किसी वाक्य में संज्ञा पदबंध की पहचान कैसे की जाती है?

(v) सर्वनाम पदबंध का एक उदाहरण लिखिए।

**4. रचना के आधार पर वाक्य रूपांतरण पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए- 4x1=4**

(i) 'वज़ीर अली आदमी है या भूत हाथ ही नहीं आता'। वाक्य का भेद लिखिए।

(ii) टाइम टेबल बना लेना एक बात है और उस पर अमल करना अलग बात है। वाक्य का भेद लिखिए ।

(iii) मिश्रित वाक्य का एक उदाहरण लिखिए।

(iv) 'लोग टोलियाँ बना-बनाकर मैदान में घूमने लगे।' संयुक्त वाक्य में बदलकर लिखिए।

(v) 'सुभाष बाबू लोगों में जोश भरने के लिए बड़े ज़ोर से वंदे मातरम बोलते थे।' मिश्रित वाक्य में बदलिए।

**5. 'समास' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए- 4x1=4**

(i) बहुव्रीहि समास की विशेषता बताते हुए एक उदाहरण लिखिए।

(ii) 'प्रतिपल' समस्त पद का विग्रह कीजिए और भेद का नाम लिखिए।

(iii) 'शयनकक्ष' तत्पुरुष समास का उदाहरण है कैसे?

(iv) 'महान है जो आत्मा' के लिए समस्त पद बनाकर भेद का नाम लिखिए।

(v) द्विगु समास का उदाहरण विग्रह सहित लिखिए।

**6. 'मुहावरे' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए- 4x1=4**

(i) 'भाई साहब का वह रौद्र रूप देख कर ..................जाते।' उपयुक्त मुहावरे द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।

(ii) 'अंग्रेज़ी पढ़ना कोई हँसी-खेल नहीं है कि जो चाहे पढ़ ले।' वाक्य से मुहावरे छाँट कर लिखिए।

(iii ) 'काम तमाम कर देना' मुहावरे का वाक्य में प्रयोग कीजिए।

(iv) 'हक्का बक्का रह जाना' मुहावरे का वाक्य में प्रयोग कीजिए।

(v) शैलेंद्र का मुरझाया हुआ चेहरा देख कर राजकपुर ने मुसकुराते हुए कहा। वाक्य से मुहावरे छाँटकर वाक्य में प्रयोग कीजिए।

**खंड-ग ( स्पर्श एवं संचयन से)**

**7. निम्नलिखित गदयांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए-** **5x1=5**

अब भाई साहब बहुत कुछ नरम पड़ गए थे। कई बार मुझे डाँटने का अवसर पाकर भी उन्होंने धीरज से काम लिया। शायद अब वह खुद समझने लगे थे कि मुझे डाँटने का अधिकार उन्हें नहीं रहा, या रहा भी, तो बहुत कम। मेरी स्वच्छंदता भी बढ़ी। मैं उनकी सहिष्णुता का अनुचित लाभ उठाने लगा। मुझे कुछ ऐसी धारणा हुई कि मैं पास ही हो जाऊँगा, पढ़ूँ या न पढ़ूँ, मेरी तकदीर बलवान है, इसलिए भाई साहब के डर से जो थोड़ा-बहुत पढ़ लिया करता था, वह भी बंद हुआ। मुझे कनकौए उड़ाने का नया शौक पैदा हो गया था और अब सारा समय पतंगबाज़ी की ही भेंट होता था, फिर भी मैं भाई साहब का अदब करता था और उनकी नज़र बचाकर कनकौए उड़ाता था। मांझा देना, कन्ने बाँधना, पतंग टूर्नामेंट की तैयारियाँ आदि समस्याएँ सब गुप्त रूप से हल की जाती थीं। मैं भाई साहब को यह संदेह न करने देना चाहता था कि उनका सम्मान और लिहाज़ मेरी नज़रों में कम हो गया है।

(i) लेखक की स्वच्छंदता बढ़ने के क्या कारण हो सकते हैं?
- (A) भाई साहब का नरम पड़ना
- (B) भाई साहब का फेल होना
- (C) लेखक का प्रथम आना
- (D) डांटने के अधिकार में कमी

(ii) लेखक किस बात का अनुचित लाभ उठाने लगा?
- (A) भाई साहब के चुप रहने का
- (B) भाई साहब के शांत रहने का
- (C) भाई साहब के सहनशील होने का
- (D) भाई साहब के धीरज का

(iii) छोटा भाई बड़े भाई साहब से छिपकर पतंगबाजी क्यों करता था?

(A) बड़े भाई के प्रति आदर के कारण

(B) पतंगबाजी के शौक के कारण

(C) बड़े भाई को पतंगबाजी पसंद नहीं होने से

(D) बड़े भाई से डरने के कारण

(iv) कथानायक का अपने तकदीर पर भरोसा करने से यह पता चलता है कि कथानायक ------

(A) मूर्ख है

(B) वाचाल है

(C) भाग्यवादी है

(D) अहंकारी है

(v) निम्नलिखित कथन और कारण को पढ़ कर दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुन कर लिखिए-

कथन : भाई साहब की नज़र बचाकर कनकौए उड़ाता था ।

कारण : लेखक के मन में बड़े भाई साहब के प्रति आदर की भावना थी।

(A) कथन और कारण दोनों गलत है।

(B) कथन गलत है किन्तु कारण सही है।

(C) कथन सही है लेकिन कारण कथन की सही व्याख्या नहीं करता।

(D) कथन सही है और कारण कथन की सही व्याख्या करता है।

**8. गद्य पाठों पर आधारित निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए- 3x2=6**

(i) सुभाष बाबू बहुत ज़ोरों से वंदे मातरम बोल रहे थे, क्यों?

(ii) निकोबारी तताँरा से बेहद प्रेम क्यों करते थे?

(iii) तीसरी कसम फिल्म में शैलेंद्र ने राजकपूर की भावनाओं को शब्द दिए हैं, कैसे?

(iv) मैं किसी के लिए मुसीबत नहीं हूँ, सबके लिए मुहब्बत हूँ। इस कथन से सोलोमेन के बारे में क्या पता चलता है?

**9.निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए: 5x1=5**

क्षुधार्त रंतिदेव ने दिया करस्थ थाल भी,
तथा दधीचि ने दिया परार्थ अस्थिजाल भी।
उशीनर क्षितीश ने स्वमांस दान भी किया,
सहर्ष वीर कर्ण ने शरीर-चर्म भी दिया।
अनित्य देह के लिए अनादि जीव क्या डरे ?
वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे ।।

(i) रंतिदेव कौन थे?

(A) वीर राजा

(B) दानी राजा

(C) शिक्षित राजा

(D) कुशल राजा

(ii) दधीचि ने दान में क्या दिया था?

(A) प्राण

(B) शरीर

(C) हड्डी

(D) चर्म

(iii) कवि ने विभिन्न उदाहरणों से क्या संदेश दिया है?

(A) परोपकार ही महान कार्य है

(B) दान से ही महान बना जाता है

(C) शरीर और धन नाशवान है

(D) भूख की परवाह नहीं करना चाहिए

(iv) 'अनादि' शब्द का अर्थ होगा-

(A) जिसका कोई आरंभ न हो

(B) जिसका अंत निश्चित हो

(C) जो उत्पन्न नहीं होता है

(D) जिसका आदि और अंत हो

(v) 'अनित्य देह' से अभिप्राय है?

(A) क्षणभंगुर शरीर

(B) सुंदर शरीर

(C) नष्ट होने से मुक्त शरीर

(D) वह शरीर जो अमर है

**10.निम्नलिखित पद्यांश पर आधारित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर लिखिए :**

**3x2=6**

(i) 'पल पल परिवर्तित प्रकृति वेश' - काव्य पंक्ति का भाव स्पष्ट कीजिए।

(ii) 'आत्मत्राण' कविता में कवि ईश्वर से क्या चाहता है?

(iii 'तोप' कविता द्वारा कवि हमें क्या कहना चाहता है?

(iv) सैनिक बलिदान होकर भी हिमालय को बचाना क्यों चाहता है?

**11. 'संचयन' पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 50-60 शब्दों में लिखिए: 2x3=6**

(i) टोपी अपने घर में उपेक्षित महसूस कर रहा था, कैसे?

(ii) बच्चों में पढ़ाई और विद्यालय जाने के प्रति रुचि उत्पन्न करना अभिभावकों की महत्वपूर्ण जिम्मेवारी होती है, कैसे? 'सपनों के से दिन' पाठ के आधार पर लिखिए।

(iii हरिहर काका की स्थिति के लिए आप किसे ज़िम्मेदार मानते है और क्यों?

## खंड-घ (रचनात्मक लेखन)

**12. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए : 1x5=5**

**(क) खेल बिना पाठ्यक्रम है अधूरा**

- खेलों का महत्त्व
- पाठ्यक्रम का अभिन्न अंग
- दोनों में संतुलन

**(ख) जब तक पहाड़-नदियाँ हैं तब तक जीवन है**

- प्रकृति से ही साँस है
- प्रकृति से मैत्री
- सतत विकास पर बल

**(ग) बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ**

- क्यों पड़ी जरूरत
- बेटियाँ समाज का अभिन्न अंग
- महिलाओं के बढ़ते कदम

**13. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए - 1x5=5**

(क) आपके क्षेत्र में स्थित स्टेडियम के स्थापना दिवस की वर्षगाँठ के अवसर पर दिव्यांग बच्चों द्वारा भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया जाएगा। इस कार्यक्रम के सीधे प्रसारण की प्रार्थना करते हुए दूरदर्शन निदेशक को पत्र लिखिए।

**अथवा**

(ख) अपने नगर की ऐतिहासिक इमारतों की दयनीय स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए, उनके उचित रख-रखाव के लिए अध्यक्ष, पुरातत्त्व विभाग को पत्र लिखकर आग्रह कीजिए।

**14. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 60 शब्दों में सूचना लिखिए 1x4=4**

(क) विद्यालय के सांस्कृतिक कार्यक्रम के सचिव की ओर से बाल कलाकारों द्वारा नाट्य प्रस्तुति की सूचना लिखिए।

**अथवा**

(ख) आपके विद्यालय में सामाजिक संस्था 'रोशनी' द्वारा स्वरक्षा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसकी जानकारी छात्रों तक पहुँचाने के लिए एक सूचना लिखिए।

**15.निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 40 शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए: 1x3=3**

(क) आपके क्षेत्र में एक नया विद्यालय खुला है जिसमें आगामी सत्र में प्रवेश लेने वाले स्थानीय बच्चों को दाखिले में विशेष छूट दी जाएगी। विद्यालय के प्रचार-प्रसार के लिए एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए।

**अथवा**

(ख) कोई कंपनी जैविक फल-सब्जी बाज़ार में लाना चाहती है, उसके प्रचार-प्रसार के लिए एक विज्ञापन तैयार कीजिए।

**16. लघुकथा लेखन :** **1x5=5**

(क) एक दिन कि बात है। हमने सपने में देखा कि पक्षियों की भाँति मैं छोटा हो गया हूँ। मैं घोंसले में सोया हुआ हूँ ......................... पंक्ति को पूरा करते हुए लगभग 100 शब्दों में लघुकथा को पूरा कीजिए।

**अथवा**

- **ईमेल-लेखन :**

(ख) आपने ऑनलाइन कुछ पुस्तकें मँगवाई थीं लेकिन आपकी पुस्तकें आपके ऑर्डर के अनुरूप नहीं आई हैं। इसकी शिकायत करते हुए प्रबंधक महोदय को लगभग 80 शब्दों में एक ई-मेल लिखिए।